# सकारात्मक शुरूआत से ही मिलते हैं अच्छे परिणाम



ब्र.कु. शिवानी बहन, जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा

किसी भी काम की शुरूआत एक मिनट की शांति या मौन के साथ करें, जैसे दिन की शुरूआत, दफ्तर की कोई मीटिंग, खाना बनाने की शुरूआत या बच्चों की पढ़ाई भी...। आप भले ही छोटा-सा भी काम शुरू करें, लेकिन उस कार्य की सफलता का संकल्प लेकर इसे शुरू करें। कहा भी गया है कि अगर शुरूआत सही हुई तो कार्य अच्छी तरह से होना ही है। लेकिन कभी-कभी हम शुरूआत में संकल्प ही कुछ और कर लेते हैं। आप एक दिन साक्षी होकर देखें, अहसास होगा कि जाने-अनजाने में हम कितनी ही चीजों की शुरूआत गलत संकल्प के साथ करते हैं। घर से निकलने से पहले ही सोच लेते हैं कि रास्ते में ट्राफिक मिलेगा ही! वहां तो ऐसा होगा ही! ये तो होता ही है! पिछली बार भी ऐसा हुआ था। और हम ऐसे विचार क्यों मन में लाते हैं? क्योंकि पिछली बार के हमारे अनुभव ऐसे थे। लेकिन इस बार वही सोचकर या दोहराकर आपने उसके होने की संभावना को फिर से बढ़ा दिया। फिर अगर इस बार भी ऐसा हुआ, तो आपका गलत दिशा में विश्वास दृढ़ होता जाएगा। आपके साथ पिछली बार कुछ भी हुआ हो, या बार-बार क्यों न हुआ हो, लेकिन जब शुरूआत सकारात्मक संकल्प के साथ करेंगे तो परिणाम आपके पक्ष में होंगे। जब हम अपने चित्त को साफ करके, अच्छे संकल्प के साथ एक मिनट खामोशी में बैठकर कोई काम शुरू करते हैं तो सकारात्मक ऊर्जा के साथ काम की शुरूआत होती है और इससे परिणाम भी हमारे पक्ष में आते हैं।

इसे एक उदाहरण से और समझते हैं। आप घर से निकले, आपको कहीं पहुंचना है। लेकिन आप पहले ही दस मिनट देरी से निकले हैं। इस स्थिति में निकलने से पहले ही विचार मन में आ गया कि देर हो गई है, अब तो वक्त पर पहुंचना बहुत मुश्किल है। और इस तरह हमने मन की स्थिति को कमज़ोर कर दिया। अब अगर आप वक्त पर भी गंतव्य पहुंच गए तो भी स्थिति ठीक नहीं है, तो काम पर भी असर पड़ेगा। इसके विपरीत, अगर चलने से पहले मन में विचार किया कि हम समय पर पहुंच जाएंगे। इससे मन में व्यर्थ के विचारों पर पूर्ण विराम लग जाएगा। मन की स्थिति स्थिर हो जाएगी। इस एक विचार से आप समय पर पहुंचेंगे ही। नहीं भी पहुंचे, तब भी मन की स्थिति ठीक रहेगी।

कल्पना करिए, घर में सबको भूख लगी है, लेकिन बनाने के लिए कोई तैयार नहीं है। ऐसे में बाहर से खाना मंगाने की नौबत आ जाएगी। आज के दौर में भी वही हो रहा है, हम भी खुशी और शांति बाहर से मांग रहे हैं। घर में खुशियों के लिए एक-दूसरे की ओर ताकते हैं। नहीं मिलती तो बाहर देखते हैं। नतीजतन ये खरीदो-वो खरीदो। इधर जाओ, उधर जाओ। लेकिन क्या इससे सच्ची खुशी और शांति मिलने की गारंटी है?

माता-पिता अपने बच्चों के लिए नकारात्मकता नहीं भेजते। लेकिन जब वह किसी बात से व्यथित हो जाते हैं, तो प्यार अवरूद्ध हो जाता है। एक समय पर एक ही ऊर्जा जा सकती है। उतनी देर आपसे नकारात्मक ऊर्जा बच्चे तक पहुंच रही है। आप सोचें कि आप दुःखी, चिंतित, व्यथित होंगे तो बच्चों को किस तरह की ऊर्जा जाएगी।



**हाथरस-उ.प्र.।** ऐतिहासिक मंदिर श्री दाऊजी महाराज में आयोजित रेवती मैया मेला कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने किया। इस दौरान विधायक अंजुला माहौर, ब्र.कु. भावना बहन तथा अन्य लोग मौजूद रहे।



**दिल्ली-उत्तम नगर।** दिल्ली पुस्तक मेला प्रगति मैदान में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा पाँच दिवसीय आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी एवं बुक स्टॉल का आयोजन किया गया तथा प्रदर्शनी अवलोकन के लिए आने वाले सभी भाई-बहनों को राजयोग का अभ्यास भी कराया गया। जिसका लाभ 30000 लोगों ने लिया। इस दौरान स्थानीय ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. लीला बहन, ब्र.कु. विमला बहन तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें शामिल रहे।



**दिल्ली-अशोक विहार फेज़2।** सचिन गुप्ता,जिला मजिस्ट्रेट,तीस हजारी कोर्ट,दिल्ली को राखी बांधते हुए ब्र.कु. सुनीता बहन।



**फैजाबाद-अयोध्या(उ.प्र.)।** वेदान्ती आश्रम के श्री राज कुमार दास जी महाराज को राखी बांधते हुए ब्र.कु. शशि दीदी।



**दिल्ली-हरिनगर।** डॉ. एच.सी. शर्मा को रक्षासूत्र बांधते हुए ब्र.कु. रितु बहन।



**दिल्ली-वज़ीराबाद।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की अति. निदेशक बहन अजीता दयाल अग्रवाल को राखी बांधने के पश्चात् ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. दीपा बहन।



**पहाड़ी-डीग(राज.)।** थाना अधिकारी एस.आई. कुंवर सिंह को ईश्वरीय स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए ब्र.कु. शिवानी बहन।



**एसबीएस नगर-नवांशहर(पंजाब)।** जिला तहसीलदार कम मेजिस्ट्रेट परवीन छिवर को ओमशान्ति मीडिया द्वारा की जा रही ईश्वरीय सेवाओं की जानकारी देने के पश्चात् ओमशान्ति मीडिया पत्रिका भेंट करते हुए ब्र.कु. राम भाई।



**अंडा-उ.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ उपसेवाकेंद्र में रक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान विनोद कुमार वर्मा,कोंच ब्लॉक प्रमुख को रक्षासूत्र बांधते हुए ब्र.कु. रामरती बहन।



**रामगढ़-राँची(झारखंड)।** रामगढ़ कैंट के उपायुक्त चंदन कुमार को रक्षासूत्र बांधते हुए ब्र.कु. सरिता बहन।



**मोकामा-बिहार।** आरपीएफ थाना के पोस्ट कमांडर हरिकेश मीना को राखी बांधते हुए ब्र.कु. निशा बहन।

FOR ONLINE TRANSFER

Pay Directly to: osmorerf@indianbk

BANK NAME:- INDIAN BANK
BRANCH:- Shantivan,Talhati
ACCOUNT :- OM SHANTI MEDIA OF RERF
ACCOUNT NO:- 7552337300,
IFSC - CODE:- IDIB000S319

Note:- AfterTransfer send detail on
E-Mail - omshantimedia.acct@bkivv.org
E-Mail - omshantimedia@bkivv.org

ओमशान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें

कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़,शान्तिवन,तलहटी,
पोस्ट बॉक्स न-5,आबू रोड, राज. 307510
संपर्क- M- 9414006096, 9414154344, 9414182088
Email-omshantimedia@bkivv.org
सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक - ₹-240, तीन वर्ष - ₹- 720, आजीवन - ₹- 6000
Website: www.omshantimedia.org